04 युवाओं को लालच देकर खाते खरीदने के बाद...

07 सहकारिता ग्रामीण भारत की रीढ़ है आत्मनिर्भरता को बढ़ावा...


## खबर संक्षेप

### बांसों के झुरमुट में लगी आग, बिजली लाइन प्रभावित हुई



**सीहोर।** देव नगर कॉलोनी के पास मंगलवार दोपहर बांसों के झुरमुट में आग लग गई। आग के कारण बांस टूटकर सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया और 11 केवी बिजली लाइन भी प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार, आग लगने से बड़ी संख्या में बांस टूटकर सड़क पर आ गए। इन गिरे हुए बांसों ने विद्युत वितरण कंपनी की 11 केवी लाइन को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। स्थानीय निवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और विद्युत वितरण कंपनी को घटना की सूचना दी। हालांकि, काफी देर तक कोई भी टीम मौके पर नहीं पहुंची। इसके चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग अन्य बांस के पेड़ों में भी फैलती जा रही है।

### जिला जेल के 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**सीहोर।** जेल परिसर में जिला चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जेल में बंदियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बंदियों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय सीहोर से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही। मेडिकल विशेषज्ञ द्वारा 20, अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा 37, शल्य चिकित्सक द्वारा 19, मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा 17, ई.एन.टी. रोग विशेषज्ञ द्वारा 15, नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 10, दन्त रोग विशेषज्ञ द्वारा 18, क्षय रोग विशेषज्ञ द्वारा 26, स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 10 तथा एच.आई.वी. से संबंधित 2 बंदियों सहित कुल 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यू. के. श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय सीहोर की टीम उपस्थित रही।

---

### पहाड़नुमा बनाई जा रही सड़क, बारिश का पानी घरों में न घुसे इसके लिए सड़क के साइड में बनाई जाएगी नाली

# फिर से अपना घर व दुकान तोड़ने के लिए तैयार रहें मछलीपुल से लुनिया चौराहा के रहवासी-दुकानदार !

नपा के तकनीकी विभाग की लापरवाही का खामियाजा फिर भुगतेंगे मछलीपुल से लुनिया चौराहा के रहवासी, तोडना होगा घर-दुकान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बहुप्रतीक्षित मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक की सड़क का निर्माण कार्य नगर पालिका के तकनीकी अमले की घोर लापरवाही के कारण अब क्षेत्रवासियों के लिए 'दोहरी मार' साबित होने वाला है। पहले चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाकर घरों और दुकानों का हिस्सा तोड़ा गया और अब उसी सड़क पर 'पहाड़' बन जाने के बाद बरसात के पानी से बचने के लिए नाली बनाने के नाम पर जिन लोगों के घर या दुकान अतिक्रमण की जद में आएंगे, उन्हें फिर से अपने घर-दुकान का हिस्सा तोड़ना पड़ेगा।

बता दें मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक की सड़क शहर के लिए अति महत्वपूर्ण है। सड़क के निर्माण की मांग नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। नागरिकों की मांग पर नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर की परिषद ने यह सौगात दी है। करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस 11 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य जुलाई में शुरू हुआ था, लेकिन नगर पालिका के इंजीनियरों की कथित निष्क्रियता और गहरी नींद के चलते निर्माण एजेंसी ने सड़क को तय मानकों से बहुत ज्यादा ऊंचा यानी (पहाडनुमा) बना दिया है।

#### लोगों में गहरी नाराजगी


पहले ही नगर पालिका के इंजीनियरों की लापरवाही की वजह से निर्माण एजेंसी ने पहाड़ की तरह सड़क बना दी है। अब जब बरसात का पानी घरों में घुसने का डर पैदा हुआ, तब नींद टूटी तो नाली निर्माण की याद आई। लोगों का कहना है कि क्या नगर पालिका के तकनीकी विभाग के पास कोई विजन नहीं है। हम एक बार की परेशानी से उबरे भी नहीं, अब फिर से नाली के लिए जगह मांगी जाएगी।

#### रहवासी बोले, बगैर विजन के हो रहा काम




पहले सड़क पर आए गड्ढे और उड़ती धूल की वजह से हम परेशान हुआ करते थे। नगर पालिका से मांग करते थे कि सड़क का निर्माण हो, लेकिन अब यह निर्माण तो हमारी ही मुसीबत बन गया है। निकाय का तकनीकी अमला बिल्कुल भी गंभीर नहीं है, नतीजतन निर्माण एजेंसी ने अपनी मनमर्जी दिखाई और अब नतीजा पहाडनुमा सड़क के रूप में सामने है।

**गोविंद सिंह**, रहवासी




सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की बात कही थी, हमनें स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया कि अच्छी सड़क की सौगात मिलेगी। लेकिन यह सौगात हमारे लिए मुसीबत बन गई है। अब फिर से नाली निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की बात सामने आ रही है।

**प्रकाश सिंह**, रहवासी



नगर पालिका जिम्मेदार विभाग है, लेकिन लगता है कि नगर पालिका का तकनीकी विभाग बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। इंजीनियरों की अनदेखी के कारण सड़क पहाड़ जैसी बन गई है। सड़क की ऊंचाई अधिक होने से घर-दुकान इनके सामने छोटे पड़ गए हैं। अब बारिश का पानी घर और दुकानों में घुसेगा।

**राजू चंदेल**, टेलर की दुकान



नगर पालिका के तकनीकी विभाग को पहले ही तय कर लेना था कि कितना अतिक्रमण हटाना है, ताकि हम एक बार ही हटा लेते, पहले सड़क के लिए अतिक्रमण हटाया, अब नाली निर्माण के लिए हटाएंगे। पहली बार से नहीं उभरे हैं, अब नई परेशानी की बात सामने आ रही है। नहीं हटाएंगे तो बारिश के दिना में पानी घुसने की समस्या सामने आएगी।

**भूपेन्द्र राठौर**, दुकानदार

#### फिर टूटेगा मकान-दुकान का हिस्सा

लोगों की चिंता अब सड़क की ऊंचाई से उपजी है। पहाडनुमा सड़क के कारण आशंका है कि बारिश का पानी सीधे घरों, दुकानों और मंदिरों में घुसेगा। इस जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अब नगर पालिका ने सड़क के साइड में नाली निर्माण का रास्ता निकाला है और इसका टेंडर भी हो चुका है। नाली निर्माण के लिए लोगों को फिर से अपने दुकान और मकान का हिस्सा तोडना होगा। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पहले ही सड़क निर्माण के लिए घर-दुकान तोड़े थे, उस परेशानी से अब तक ठीक से उभर भी नहीं पाए कि अब नाली के लिए फिर से घर-दुकान तोड़ना होंगे।

---

# पूर्व मंत्री जोशी की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




बुधवार को प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री व सुसनेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे स्व. हरिभाऊ जोशी की सोलहवीं पुण्यतिथि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मनाई गई। इस अवसर पर मां बगलामुखी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के समीप दोपहर 1 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम मस्ताना, विहिप के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरिराज पुरोहित, पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर ने स्व हरिभाऊ के चित्र पर माल्यार्पण किया। हरिभाऊ की पुण्यतिथि पर उनके द्वारा क्षेत्र विकास में किए गए कई उल्लेखनीय विकास व सामाजिक कार्यों का स्मरण करते हुए भाजपा नेता प्रेम मस्ताना ने कहा कि स्व हरिभाऊ जोशी क्षेत्र के पूर्व विधायक के साथ साथ एक निष्काम कर्मयोगी भी थे। क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने कई अनुकरणीय कार्य किए।


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में अपना सामाजिक जीवन प्रारंभ करने वाले स्व हरिभाऊ जोशी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक है। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का श्रेय स्व भाऊ को ही जाता है। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में अनेक बांध उनके द्वारा उस समय बनवाए गए थे। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में अरविंद सिंघवी, मोहनलाल नागर, दिलीप खंडेलवाल, दिनेश धूपिया, दिनेश व्यास, मोहनलाल सुमन, करणसिंह काँवल, लक्ष्मीनारायण सोनी, ताराचंद मालवीय, राधेश्याम पाटीदार, महेंद्र अलबेला, पवन वेदिया, रामसिंह गुर्जर, प्रतीक तांतेड़ आदि कार्यकर्ताओं ने स्व हरिभाऊ के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

---

### श्रीराम संकीर्तन यात्रा के दो वर्ष पूर्ण

# हनुमान जी को चोला चढ़ाया, महाआरती की





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समरसता का भाव लिए नगर में निरंतर चली आ रही श्रीराम संकीर्तन यात्रा के दो वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया गया। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारंभ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रभातफेरी लगातार दो वर्ष से जारी है। संकीर्तन मंडल द्वारा प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे से चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जा रही है जो नगर के लगभग सभी प्रमुख मार्गों से होती हुई चौक बाजार में ही समाप्त होती है।

यह प्रभातफेरी वर्षाकाल के साथ ही भीषण ठंड में भी अनवरत जारी रही। संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में जो भी पर्व आते है उन सभी को प्रभातफेरी में मनाया जाता है। संकीर्तन यात्रा को 17 दिसम्बर को दो वर्ष पूर्ण हो गए। इस अवसर पर मंडल द्वारा बुधवार को प्रातः 5.30 बजे कड़ाके की ठंड में आतिशबाजी के साथ चौक बाजार से प्रभातफेरी प्रारम्भ की गई। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ ही बच्चे भी शामिल थे। सभी भक्त ढोलक झांझ मजीरों के साथ भजन गाते चल रहे थे। मार्ग में भक्त ढोलक की थाप पर नृत्य भी कर रहे थे। प्रभातफेरी अपने नियत मार्गों से होती हुई पुनः चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां प्रातः 6.30 बजे हनुमान जी की महाआरती की गई। महाआरती के बाद राम स्तुति की गई। इस दौरान आतिशबाजी के साथ ही प्रभु श्रीराम के जयकारो से चौक बाजार गुंजायमान हो रहा था। श्रीराम संकीर्तन यात्रा के दो वर्ष पूर्ण होने पर श्री पंचमुखी हनुमान जी का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार भी किया गया था। मंदिर परिसर को पुष्पों से सजाया गया था।

---

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### करनावद में हितग्राहियों को दी सहायता राशि



**करनावद।** नगर परिषद अध्यक्ष कि सक्रियता के चलते नगर में हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंगलवार को मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबंल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि के सिंगल क्लिक से राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें नगर परिषद करनावद क्षेत्र अन्तर्गत कुल 12 मृतक श्रमिकों के परिवार सदस्यों को लाभान्वित किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक परमार एवं संबंल योजना शाखा प्रभारी गौरव सोनी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि, नगर करनावद में मृतक श्रमिक राधाबाई पति गणेश, जीवन पिता हीरालाल, रीना पति देवराज, कमल पिता थावरसिंह, लखन पिता हुकमचंद, पुरण पिता सेवा जी, विनोद पिता अशोक, पवन पिता दयाराम, लालचंद वर्मा, क्षमाबाई पति रमेश, देवकरण पिता रामरतन, रीनाबाई पति मनोहर के परिवार सदस्यों को अनुग्रह सहायता राशि रू. 2.00 लाख एवं 4.00 लाख सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, पार्षद मांगीलाल लोधी, रेहमतउल्ला पठान, भेरूलाल पाटीदार, बाबुलाल भाबोर, रमेश सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि लीलाधर पाटीदार, कैलाश भूरिया ने कार्यक्रम में मृतक श्रमिकों के परिवार सदस्यों को अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

### प्रेक्षक प्रेक्षा ऐप से देंगे जानकारी

**देवास।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिये नियुक्त प्रेक्षकों की सुविधा के लिये 'प्रेक्षा' ऐप बनाया गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि इस मोबाइल ऐप में प्रेक्षकों को प्रतिवेदन भेजने, नियमों एवं निर्देशों को पढ़ने एवं निर्वाचन प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण संबधी जानकारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस ऐप को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये प्रेक्षकों से सुझाव भी मांगे गये हैं।मोबाइल ऐप में प्रेक्षकों द्वारा भेजी जाने वाली जानकारी का प्रारूप उपलब्ध है।

### ऑपरेशन सायबर के तहत कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, 12 को किया गिरफ्तार

# युवाओं को लालच देकर खाते खरीदने के बाद ठगी राशि के हस्तांतरण में करते थे उपयोग

03 माह में 78 बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों रुपये की सायबर ठगी जिसमें लगभग 7.5 करोड़ आंशिक रुपये का लेन–देन सामने आया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना कोतवाली देवास पर फरियादी रवि पिता अशोक चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी 31/1 भवानी सागर देवास हाल मुकाम गोपाल नगर इटावा जिला देवास द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसके नाम से खुलवाए गए बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक एवं चैकबुक का धोखाधड़ी पूर्वक दुरुपयोग किया गया है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए देवास पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन सायबर₹ के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा प्रभावी कार्यवाही हेतू निर्देषित किया गया था जिस पर से एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एवं जिला सायबर सेल द्वारा विशेष पुलिस टीम का गठन किया। उक्त सायबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सायबर ठग स्थानीय जनता से उनके बैंक खाते चंद रूपये देकर उन बैंक खातो का उपयोग देश के विभिन्न के क्षेत्रो के नागरिकों से हुये सायबर ठगी के पैसो के लेनदेन के लिए करते थे, इस संबध में अभी तक की जांच में कुल 78 बैंक खातो की जानकारी संबधित बैंक से प्राप्त करते उक्त खातो में सायबर ठगी का करोडो रूपयो का लेन-देन हुआ है अन्य राज्यो के आवेदको द्वारा भी उक्त बैंक खातो की शिकायत NCRP पोर्टल पर की गई है जिनमें करोडो रूपयो की सायबर ठगी होना एवं उक्त खातो में सायबर ठगी की राशि का आंशिक भाग प्राप्त हुआ है । आरोपीगणो के विरूद्ध थाना कोतवाली देवास पर अपराध क्रं. 897/2025 धारा 318(4),316(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया है।

### तरीका -ए-वारदात

आरोपी इरशाद एवं आशीम द्वारा स्थानीय जनता को प्रलोभन देकर युको बैंक एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र में नए खाते खुलवाए जाते थे। खाता खुलवाने के उपरांत खाताधारकों से पासबुक,एटीएम कार्ड एवं सिम प्राप्त कर इन्हें आरोपी अकबर व हर्ष को बेचा जाता था । अकबर व हर्ष के द्वारा BINANCE एवं BYBIT एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल करेंसी खरीदते थे । उसके उपरांत उक्त डिजिटल करेंसी को टेलीग्राम पर काफी महेंगे दामों पर सायबर ठगों को बेचा जाता था और सायबर ठगों से प्राप्त बढी धनराशि के उपयोग देवास से खरीदे गया खातों में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था । अकबर और हर्ष को भलीभाति यह ज्ञान था कि बाजार मुल्य से अत्याधिक राशि पर डिजिटल करेसी खरीदने वाले सायबर ठगी का पैसे उसमे इस्तमाल करते है ।इसी वजह से खाते होल्ड होने से पहले यह गिरोह राशि ट्रांसफर होते ही तत्काल कैश विथड्राल कर लेता था। गिरोह ने अधिकांश खाते बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं युको बैंक मे भी इसी कारण खुलवाये थे क्योकि इन बैंको मे प्रतिदिन की विड्रॉल लिमिट अन्य बैंको की अपेक्षा अधिक थी ।

### गिरफ्तार आरोपी

1.मो. इरशाद पिता असलम शेख उम्र 35 साल निवासी 68 GDC कालेज के सामने इटावा ।
2.आसिम पिता आमीन शेख उम्र 30 साल निवासी 114 पुष्पकुंज कालोनी इटावा ।
3.हर्ष पिता दिनेश प्रजापति उम्र 23 साल निवासी 88 पुष्पकुंज कालोनी इटावा देवास ।
4.अकबर पिता शमशुददीन खान उम्र 23 साल निवासी ग्राम जामगोद नई आबादी देवास ।
5.मोईन पिता अंसार खान उम्र 22 साल निवासी 2/8 नई आबादी देवास ।
6.साहिल अली पिता सराफत अली उम्र 22 साल निवासी 195 विनायक नगर इटावा देवास ।
7.मोईन उर्फ मोनु पिता रउफ खान उम्र 23 साल निवासी 198 विनायक नगर इटावा देवास

### खाता बेचने वाले आरोपी के नाम

1.आफरीन पिता जाकीर अब्बासी उम्र 28 साल निवासी कर्मचारी कालोनी देवास ।
2.रेहान शेख पिता ईरफान शेख उम्र 20 साल निवासी 21 कर्मचारी कालोनी देवास ।
3.रेहान पिता जाहीद नागौरी उम्र 18 साल निवासी पुष्पकुंज कालोनी देवास ।
4.इस्तियाक पिता इकबाल शेख उम्र 32 साल निवासी पुष्पकुंज कालोनी इटावा देवास ।
5.तालिब पिता जानिब शेख उम्र 28 साल निवासी पुष्पकुंज कालोनी इटावा जिला देवास ।

### बैंक के किट किए बरामद

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 01 सुजुकी एक्सेस स्कूटी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की 05 किट, युको बैंक की 01 किट, वोडाफोन–आइडिया की 02 सिम और 78 बैंक खाते जिसमे बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 71 एवं युको बैंक के 07 खाते शामिल है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचंद्र शर्मा,उनि जीवन भिण्डोरे,प्रआर सुनील देथलिया,हेमंत डाबी,रवि गरोड़ा,आर नवीन देथलिया,सुजीत,वैभव,मनीष देथलिया एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह,गितिका कानुनगो,मआर आरती सिंह,नैना खान,निशा पाटोरिया,आर मोनु राणावत,राहुल बडोले की सराहनीय भूमिका रही ।

# पुलिस ने 55 ग्राम MD ड्रग्स कीमत लगभग 11 लाख रुपए के साथ दो को पकड़ा

### दो थानों के बल ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

14 दिसंबर को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ड्रग्स की बड़ी खेप लेकर तस्करों के आने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी एवं उनि राहुल रावत द्वारा तीन विशेष पुलिस टीमें गठित कर योजनाबद्ध तरीके से नाकाबंदी की गई । मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर की गई नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में आते देखा जिनका कुछ दूरी तक पीछा कर रोका गया।

### एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया

पूछताछ एवं विधिसम्मत तलाशी के दौरान उनके पास 55 ग्राम एम-डी ड्रग कीमत लगभग 11 लाख रुपये,एक मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल फोन जप्त किये गये । आरोपी नारायणसिंह पिता बोमेरसिंह उम्र 50 साल निवासी आंगरी सुवासरा के पास एम-डी ड्रग से संबंधित कोई वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया तथा एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना कन्नौद में अपराध क्रमांक 918/2025 धारा 8/22 NDPS Act का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की सीमा से लगे जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पेडलर के माध्यम से एम-डी ड्रग सप्लाई करने की जानकारी दी गई है।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है जिसमें अन्य गिरोह सदस्यों एवं एम-डी ड्रग के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ जारी है । पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध मादक पदार्थ MD ड्रग्स 55 ग्राम कीमत 11 लाख रूपये,01 मोटरसाईकल कीमत 50 हजार रुपये,02 मोबाईल फोन कीमत 20 हजार रूपये कुल 11,70,000/- रूपये का मश्रुका जप्त किया। पुलिस की उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी, उनि राहुल रावत, प्रआर दीपक अग्निहोत्री, आर योगेन्द्रसिंह राजपूत, थाना सतवास से प्रआर गणेश रावत, आर लोकेन्द्र शर्मा, राजेन्द्रसिंह राजपूत, संदीप मेवाड़ा का सराहनीय योगदान रहा

# किराना दुकान में लगी आग, लाखों का माल खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के गगन नगर इटावा में बुधवार दोपहर एक किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस घटना में दुकान संचालक ने लाखों रुपए के सामान के नुकसान का अनुमान लगाया है। नगर निगम की फायर ब्रिगेड ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।दुकान संचालक राहुल ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। उनके अनुसार, दुकान में रखा लगभग 8 से 10 लाख रुपए का किराना सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। नुकसान का सही आकलन आग बुझने के बाद ही हो पाएगा। फायर डिपार्टमेंट के प्रतीक शर्मा ने जानकारी दी कि उन्हें इटावा क्षेत्र में किराना दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और लगभग 45 मिनट में आग पर नियंत्रण पा लिया गया।आग लगने के बाद घटना स्थल पर भीड़ लग गई।

### ग्राम पोलाखाल में वर्षों से चली आ रही प्रभात फेरी की परंपरा



**चापडा।** ग्राम पोलाखाल में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता की मिसाल बनी प्रभात फेरी का आयोजन कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। यह प्रभात फेरी प्रतिदिन प्रातःकाल श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम का भ्रमण करती हुई पुनः श्री राम मंदिर पर ही संपन्न होती है। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालु भजन, कीर्तन एवं जयघोष करते हुए ग्राम की गलियों से होकर गुजरते हैं। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है और ग्रामवासियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रभात फेरी में बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में सहभागिता करते हैं, जिससे सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इस धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से तुलसीराम नामदेव, अशोक शर्मा, गिरधारी भाई, बाबू वास्केल, दीपक यादव, कमलेश पाठक, विजय शर्मा, सुनील नामदेव सहित अनेक श्रद्धालु गण सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। सभी के सहयोग और सहभागिता से यह परंपरा वर्षों से सफलतापूर्वक चली आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रभात फेरी से ग्राम में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है।

# जल संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिले में अमृत संचय अभियान के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शासकीय/अशासकीय/निजी उद्योग/प्रतिष्ठानों द्वारा जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर संस्थानों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने के लिए जिला प्रशासन और अमृत संचय अभियान टीम द्वारा मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह–2025 का आयोजन किया गया।ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह में अमृत संचय अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं में सनफॉर्मा इंडस्ट्री, बेयरलॉकर, इंडी पावर प्राइवेट लिमिटेड, अनिल इंटरप्राइजेस, सेनथॉम एकेडमी स्कूल, पद्मा हायर सेकेंड्री स्कूल एवं इनोवेटिव पब्लिक स्कूल, कृषि कार्यालय देवास, केंद्रीय सहकारी बैंक, जनपद पंचायत कार्यालय बागली, संग्राम सिंह घाड़गे, प्रदीप उपाध्याय को पुरस्कृत किया गया। ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह में महापौर गीता अग्रवाल, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह, यूनाइटेड किंगडम से लेखक एवं पर्यावरणविद प्रो. मार्क एंड्रूय तथा वॉटर विज़डम के निदेशक ओ.पी. शर्मा, अमृत संचय अभियान टीम के सदस्य उपस्थित थे। ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह अंतर्गत मंगलवार को मल्हार स्मृति मंदिर देवास में जल संरक्षण आधारित कला शिविर का आयोजन किया गया था। विद्यार्थियों एवं कलाकारों द्वारा बनाये गए चित्रों की प्रदर्शनी भी अलंकरण समारोह में लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह अमृत संचय अभियान के तहत आयोजित निबंध, वाद–विवाद एवं अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि जिले में अमृत संचय अभियान के तहत जिले में लगातार अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए अच्छा कार्य करने पर जिले ने देश में 09 स्थान प्राप्त किया है। ब्लू स्टार वाटर अवार्ड का उद्देश्य अभियान को और बढ़ना तथा नागरिकों और संस्थाओं को जोड़ना एवं उनको पुरस्कृत एवं सम्मानित करना है। जिले में हर तीन माह में इसे अवार्ड समारोह आयोजित किए जाएंगे और सम्मानित किया जाएगा आज 12 संस्थाओं को अभियान के तहत पुरस्कृत किया जा रहा है।

# क्षेत्रीय संचालक डॉ. पिप्पल ने सीएचसी बागली का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग उज्जैन डॉ. दीपक पिप्पल की अध्यक्षता एवं मेडिकल कॉलेज रतलाम की टीम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र नरगावे, डॉ. गौरव सक्सेना माइक्रो विभाग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सारिका रावत डॉ. आनंद कुमार पाटीदार मेडिसिन विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लेबर रूम, एनबीएसयू ,एनआरसी का निरीक्षण किया गया और दी जा रही सेवाओं के बारे में चिकित्सक ,स्टाफ से जानकारी ली। टीम ने रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया। स्वास्थ्य टीम ने भर्ती मरीजों से चर्चा की। नवजात बच्चों के केयर और कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। क्षेत्रीय संचालक डॉ.दीपक पिप्पल ने स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने एवं आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इस हेतु जिले और ब्लॉक के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवास डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित नागर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हेमंत पटेल डॉ. दिनेश सोलंकी सहित नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

### आश्वासन के पश्चात माने ग्रामीण, आंदोलन हुआ स्थगित

# रेलवे का पुराना वैकल्पिक मार्ग 15 दिनों के अंदर होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहरीय सीमा से करीब 8 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत अजीजखेड़ी जो कि रेलवे पटरी के दोनो ओर बसा है, ग्रामीणजन वर्षो से रेलवे अंडर ब्रिज की समस्या से जुझ रहे है। उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा संयुक्त रूप से बुधवार को रेल रोको आंदोलन किया जाना था, लेकिन आंदोलन के पूर्व ही रेलवे अधिकारी, स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। जहां समझाईश व आश्वासन के बाद आंदोलन को रोक दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि देवास-मक्सी रेलवे लाइन ग्राम अजीजखेड़ी की आबादी से होकर गुजरती है, जिसके कारण गांव दो हिस्सों में बंटा है। रेलवे पटरी के दूसरी ओर स्थित खेतों तक पहुंचने के लिए कोई सुरक्षित अंडरब्रिज या वैकल्पिक मार्ग नहीं है। पूर्व में बना पुल पिछले 10-11 वर्षों से बंद पड़ा है, जिसके नीचे गंदे नालों का पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन कर पाना संभव नही है। गांव की लगभग 70-80 सर्वे नंबरों की कृषि भूमि रेलवे लाइन के उस पार स्थित है। खेतों तक पहुंचने के लिए किसानों को 20-21 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। आवागमन की समस्या के चलते कई किसान खेती छोडने को मजबूर हो गए हैं और भूमि बंजर पड़ी है। इसके अलावा रेलवे लाइन के उस पार शमशान घाट होने से अंतिम संस्कार के समय भी ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने रेलवे से आए अधिकारी को विद्युत समस्या से भी अवगत कराते हुए कहा कि गांव के एक तरफ विद्युत लाईन नही होने से कई दिनों तक लाईट नही रहती है। रेलवे अंडर ग्राउण्ड विद्युत केबल डालने की अनुमति प्रदान करे जिस पर संबंधित अधिकारी ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रेल रोको आंदोलन को रेलवे अधिकारी व स्थानीय प्रशासन के आश्वासन के बाद 15 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुराना वैकल्पिक मार्ग चालू करने का आश्वासन भी मिला है। साथ ही नवीन अंडर ब्रिज की भी प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है जिसके चलते आंदोलन नही करते हुए सभी ग्रामीण अपने-अपने घर चले गए। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित देवास-मक्सी वरिष्ठ खण्ड अभियंता (एसएसई) सुशांत कुमार भारतीय ने कहा कि नए अंडर ब्रिज का प्रस्ताव गांव के सरपंच व विधायक द्वारा मण्डल में भेजा गया है, जिसे मण्डल ने मुंबई हैड क्वार्टर वेस्टन रेलवे को भेज दिया है। वहां से सहमति आने के बाद ही आगे की कार्यवाही शुरू होगी।

### मिथुन बने भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रदेश में हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा 780 ब्लॉक अध्यक्षो की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जिलों के अंतर्गत नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो की नियुक्ति की गई। इसी क्रम मे पूर्व कैबिनेट मंत्री सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी की अनुशंसा पर सोनकच्छ विस के भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर मिथुन यादव को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। मिथुन यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के कट्टर समर्थकों में माने जाते हैं और अपनी पार्टी के लिए हमेशा तत्पर्य रहते हैं। इनकी नियुक्ति पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, नगजी राम यादव, रमेश चंद ईनानी, दिनेश यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया ,अबरार गांधी, अफजल मंसूरी, संदीप चावड़ा, अनिल जायसवाल, मूलचंद उस्ताद, देवी सिंह लोधी,कांति लाल यादव, राजेंद्र यादव पोलाय, रमेश चंद्र गुर्जर, कालू गुर्जर ,सोनू यादव पोलाय ,अमर सिंह यादव डकाच्या, सुनील उप सरपंच, मेहरबान सिंह यादव, चरण सिंह पंडा जी, अर्जुन गुर्जर बुधनगांव, चांद भाई, मुकेश सोलंकी, इकबाल शेख, गुरु चरण गुर्जर आदि लोगों ने इन्हें बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या दुष्प्रेरण के अभियुक्त को पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना सौजना पुलिस ने दर्ज एफआईआर धारा 108 बीएनएस में वांछित सौजना निवासी अरविन्द अहिरवार पुत्र स्व.मलखान को हिरासत में लिया है। युवक को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सौजना अजय पाल सिंह, प्रवीण गिरी, नीरज कुमार शामिल रहे।

### एसआईआर को लेकर बीएसपी का कैंप संपन्न

**ललितपुर।** कस्बा बानपुर के पर्सेपुरा मोहल्ला में बसपा का एक दिवसीय एसआईआर कैडर कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक अहिरवार टीकरा, विधानसभा प्रभारी महरौनी अमरसिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकिशन बैजनाथ, जिला प्रभारी रामसिंह कुशवाहा महरौनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसआईआर के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया। संचालन हरिचरन सुमन सेक्टर अध्यक्ष बानपुर ने किया। इस दौरान मनोज पुष्पकार, पप्पू कुशवाहा, फूलचंद कुशवाहा, बिहारी कुशवाहा, ध्यानी कुशवाहा, मुन्नालाल नेताजी, गणेश प्रसाद, फूलचंद अहिरवार, करन कुमार, राजेश अहिरवार, रवि सूर्या, खिल्लू नेताजी, सोनू अहिरवार, गुल्लू रजक, राजू सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आधी रात पूरे परिवार पर किया हमला

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा विन्द्रावन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 दिसम्बर की रात करीब 2 बजे वह अपने घर पर था। तभी बिना किसी कारण गांव के मनीराम रैकवार व देवसिंह रैकवार पुत्रगण स्व.बिटवा, राजकुमारी पत्नी मनीराम रैकवार, केशर पत्नी बिटवा एकराय होकर आये और उसकी मां को गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मकान खाली कराने के नाम पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना पाली के ग्राम एरावनी में रहने वाली जानकी अहिरवार पत्नी दयाराम अहिरवार ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि गांव के रामदास लोधी पुत्र स्व.खन्नू लोधी उसे अपने साथ करीब 2 वर्ष पहले यह कहकर साथ ले गये थे कि वह अपने मकान में दो कमरे दूंगा। तब से वह अपने पति व बच्चों के साथ उक्त दो कमरों में रहकर उसी की दो एकड़ जमीन को बटाई पर लेकर रह रही थी। बताया कि बीती 15 दिसम्बर को अपराह्न 12 बजे रामदास पुत्र खन्नू लोधी, प्रताप लोधी पुत्र रामदास, पूनम पत्नी प्रताप लोधी हाथों में डण्डा लेकर उसके पास आये और मकान से बाहर निकल जाने को कहने लगे। जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये मकान खाली करने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पाली थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पत्रकार को पितृ शोक निधन पर शोक जताया

**ललितपुर।** बुधवार को नेहरू नगर निवासी पत्रकार राकेश राजा व नरेन्द्र राजा के पूज्यनीय पिताजी शंकरसिंह (मोनावली वालों) का लम्बी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही लोगों में शोक लहर दौड़ गयी। सुबह करीब 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी, जो कि पोस्टमार्टम हाऊस के पास स्थित मुक्तिधाम पर पहुंची, जहां दिवंगत शंकर सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। पंचतत्व में विलीन हुये शंकर सिंह की आत्मा की शांति के लिए मौजूद लोगों ने दो मिनिट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया।

---

### नाबार्ड द्वारा सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया

# सहकारिता ग्रामीण भारत की रीढ़ है आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती: सलिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पंचायत खड़ोबरा में नाबार्ड द्वारा सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला विकास प्रबंधक सलिल अकरवंशी ने सहकारिता को ग्रामीण भारत की रीढ़ बताया और कहा कि यह आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। बुधवार को नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के जिला विकास प्रबंधक कार्यालय की ओर से सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता आंदोलन के महत्व, सिद्धांतों और इसके सामाजिक-आर्थिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अध्यक्षता करते हुए जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि सहकारिता हमारी परंपरा, एकता और साझेदारी का सशक्त प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जो किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की राह दिखाता है। नाबार्ड सहकारी समितियों को वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बना रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की प्राथमिकता है कि हर गांव में सक्रिय सहकारी समितियां बनें, जो कृषि, दुग्ध उत्पादन, कुटीर उद्योग और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि सहकारिता से न केवल आर्थिक विकास संभव है, बल्कि यह सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। ग्राम प्रधान ने कहा कि सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन से गांवों में सहभागिता और पारदर्शिता की भावना विकसित होती है। सहकारी समितियों के गठन, संचालन और उनके अधिकारों पर जानकारी दी गई। किसान, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रतिभागियों ने नाबार्ड अधिकारियों से सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण, विपणन और प्रशिक्षण की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांवों में जागरूकता बढ़ेगी और सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी ऐसे सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ताकि ग्रामीणों तक विकास की हर योजना पहुंच सके। वहीं कार्यक्रम में सीएफएल जाखौरा से आरोह फाउंडेशन की ओर से एफसी सोहिब खान, एफसी दीपक यादव व बृन्दावन ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में कृषि विभाग से अंकिता नायक द्वारा किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के संबंध में विस्तार पजानकारी प्रदान की गई। वीणा तिवारी, रोंडा समिति सचिव जगदीश, पंचायत सहायक सत्यम यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



### सहकारिता से ही संभव है आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत : डीडीएम

ललितपुर। ग्राम पंचायत खड़ोबरा में नाबार्ड द्वारा सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला विकास प्रबंधक सलिल अकरवंशी ने सहकारिता को ग्रामीण भारत की रीढ़ बताया और कहा कि यह आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। बुधवार को नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के जिला विकास प्रबंधक कार्यालय की ओर से सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता आंदोलन के महत्व, सिद्धांतों और इसके सामाजिक-आर्थिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि सहकारिता हमारी परंपरा, एकता और साझेदारी का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जो किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की राह दिखाता है। नाबार्ड सहकारी समितियों को वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बना रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की प्राथमिकता है कि हर गांव में सक्रिय सहकारी समितियां बनें, जो कृषि, दुग्ध उत्पादन, कुटीर उद्योग और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि सहकारिता से न केवल आर्थिक विकास संभव है, बल्कि यह सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। ग्राम प्रधान ने कहा कि सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है।

### गांवों में सहभागिता और पारदर्शिता की भावना विकसित होती

उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन से गांवों में सहभागिता और पारदर्शिता की भावना विकसित होती है। सहकारी समितियों के गठन, संचालन और उनके अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने नाबार्ड अधिकारियों से सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण, विपणन और प्रशिक्षण की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांवों में जागरूकता बढ़ेगी और सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी ऐसे सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ताकि ग्रामीणों तक विकास की हर योजना पहुंच सके। वहीं कार्यक्रम में सीएफएल जाखौरा से आरोह फाउंडेशन की ओर से एफसी सोहिब खान, एफसी दीपक यादव व बृन्दावन ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में कृषि विभाग से अंकिता नायक द्वारा किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान वीणा तिवारी, रोंडा समिति सचिव जगदीश, पंचायत सहायक सत्यम यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

---

### घंटाघर पर किया जनांदोलन

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने से कांग्रेस नाराज



**ललितपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में घंटाघर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम वदलने के षडय़ंत्र का भारी विरोध किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अपने कार्यकाल में किसी भी नई योजना का काम नहीं किया, जितनी भी योजना कांग्रेस के समय चलती थी, उन्ही योजना का नाम बदल बदल कर अपना काम चला रही है।

मनरेगा पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के कार्यकाल वाली सरकार इसलिए लाई थी या कहे उसका जन्म इसलिए हुआ था कि हर हाथ को कम दो, काम का पूरा दम दो का वादा कांग्रेस ने किया था। कांग्रेस ने इस मनरेगा अधिनियम को लाकर गांव में बैठे मजदूरों को रोजगार का 100 दिन की गारंटी दी थी। यह अधिनियम मजदूरों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई। गांव-गांव पलायन रुका और लोगों को घर बैठे काम मिला। देश में जब संक्रमण का आया करोना जैसी बीमारी इस देश में आई उस समय मजदूर बाहर से पलायन कर अपने घर आया और उसे घर में ही मनरेगा के काम देकर उसकी रोजी-रोटी की व्यवस्था सरकार ने की।

ऐसी संक्रमण काल में मजदूरों को मनरेगा का लाभ मिला, अब यह सरकार मजदूरों के खिलाफ जाकर मनरेगा अधिनियम में बदलाव करना चाहती है। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इस पवित्र नाम पर भी राजनीति करते हुए नाम बदलने का काम कर रही है। देश की सबसे महत्वपूर्ण योजना जिस सबसे गरीब तबके के मजदूरों का लाभ मिलता था, उस पर भी केन्द्र सरकार ने अपनी कुदृष्टि डाल उस नाम बदलने का काम किया जा रहा है। तथा जिन प्रावधानों से मजदूरों को अधिक लाभ होता था, उन को बदल कर इतना जटिल कर दिया गया है कि मजूदरों को उन की मजदूरी का कोई लाभ प्राप्त नहीं होने वाला। इसी बात का कांग्रेस प्रदेश भर विरोध कर रही है तथा केन्द्र सरकार के नापाक इरादों को कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। प्रदेश हर जिले में इस विरोध किया जा रहा कि गरीब मजदूरों के साथ कांग्रेस हर समय खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि जिला कांगेस के कार्यकर्ताओ को भी चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश अनुसार जिले व नगर आयोजित होने बाले कांग्रेस के कार्यक्रमों व संगठन में जो पदाधिकारी कांग्रेस के कार्यक्रमों की उपेक्षा कर रहे तथा पद लेकर भी संगठन का काम नहीं कर रहे, ऐसे पदाधिकारियों को अन्तिम बार चेतावनी दी जा रही है या तो पार्टी के दिए गए निर्देशों का पालन कर हर करे, वरना उन के ऊपर अनुशात्मक कर्यवाही करके उनको पद से मुक्त कर दिया जायेगा। उनकी जगह पर पार्टी के दूसरे निष्ठावन कार्यकर्ताओं को पद दे दिया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आखरी चेतावनी दी। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, बलवंत सिंह, राकेश रजक, जिला महासचिव पं.शशिकान्त दीक्षित, पवन विश्वकर्मा, मु.इमरान, डा.खेमचंद वर्मा, जगभानसिंह राजा, जितेंद्र विश्वकर्मा, रामकुमार अहिरवार आदि उपस्थित थे।

---

### फल संरक्षण आत्मनिर्भर भारत पर दो दिवसीय कार्यक्रम

# 30 उद्यामियों को खाद्य संरक्षण साहित्य वितरित किया

**ललितपुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर द्वारा 26 से 28 तक आत्म निर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत तीन दिवसीय बैनेफिशरी का आयोजन राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, ललितपुर में किया गया।

जिसमें 30 उद्यामियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित डा. दिनेश चन्द्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान, झॉसी ने तीन दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के उपरान्त अपने रोजगार को कैसे विकसित करें इसकी विस्तृत जानकारी दी। डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, प्रोफेसर नेहरू महाविद्यालय (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्त्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। कुंजबिहारी शर्मा डायरेक्टर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी ने प्रशिक्षार्थियों को छोटे-छोटे खाद्य प्रसंस्करण के लघु उद्योग स्थापना की जानकारी दी। डा. बी. पी. सिंह, सिट्रस विशेषज्ञ औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरुआसागर झॉसी एवं डा. निर्वेश सिंह, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरुआसागर झॉसी व बैंक प्रतिनिधि आदि वैज्ञानिकों ने उद्यामियों को प्रशिक्षण दिया। पुरूषोत्तम नारायण कार्यवाहक प्रभारी ने सभी उद्यामियों एवं वैज्ञानिकों को आभार प्रकट किया।




---

### दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया

# युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला, गंभीर घायल

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट से चंद कदमों की दूरी पर रखी चाय की गुमठी पर अपराह्न करीब 3 बजे दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार पर आरोप है कि उसने लोहे की रॉड से युवक के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने वहां खड़े लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। सिविल लाइन कलेक्ट्रेट के पास रहने वाली महिला आशा साहू ने बताया कि दोपहर में वह घर पर अकेली थी, तभी पड़ौस में चाय की दुकान किये राज नाम का युवक उसके घर आया और पति के बारे में पूछकर चला गया। कुछ समय पश्चात जब उसका पति सुरेन्द्र साहू पुत्र चुन्नीलाल साहू घर आया तो उसने अपने पति को जानकारी दी। इस सूचना पर सुरेन्द्र पड़ोसी दुकानदार राज के पास पहुंचा और उसने उसकी अनुपस्थिति में उसके घर जाने का कारण पूछा। महिला के अनुसार इसी बात पर दोनों में बात-विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राज नाम के युवक ने सुरेन्द्र के सिर पर लोहे की रॉड से घातक प्रहार कर दिया, जिससे सिर फट गया और उसका पति लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह सुरेन्द्र को बचाया। वहीं प्रहार होने के बाद सुरेन्द्र अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाते हुये अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



---

# जिला पंचायत की 21 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी पार्टी : रायकवार

**ललितपुर।** निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के जिला कार्यालय पर निषाद पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुयी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश कुमार रायकवार ने की। बैठक में आगामी 13 जनवरी 2026 को लखनऊ चलो-लखनऊ चलो अभियान चालू किया गया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष महेश कुमार रायकवार ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि पूरी ताकत से आह्वान किया कि आगामी वर्ष 2026 में होने वाले जिला पंचायत के चुनाव में निषाद पार्टी अपने बल पर जिला पंचायत की सभी 21 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारकर चुनाव लड़ायेगी। बैठक में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पीयूष रायकवार, जिला प्रभारी काशीराम रायकवार, अमित कश्यप, जिला सचिव दीपक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामप्रसाद रायकवार, जिला सचिव सुरेन्द्र निषाद, ब्लाक अध्यक्ष शिवराय रायकवार, नगर अध्यक्ष विनोद रायकवार, उपाध्यक्ष संजय रायकवार, जिला सचिव सुनील, जिला सचिव भीकम मौजूद रहे।



---

# संप्रेक्षण गृह में बाल कैदियों को कराया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय आयुष मिशन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर अर्जुन लाल अहिरवार/ जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ राम शबद यादव की मार्गदर्शन में में चल रहे योग वेलनेस सेंटर नगर की गतिविधियों के चलते प्रतिदिन सुबह योग शिविर राजकीय संप्रेक्षण गृह में बंद बालकैदियों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग वेलनेस सेंटर नगर के योग प्रशिक्षक रामू कांत द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह में योग शिविर के दौरान बताया कि योग से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। इसलिए योग को महिलाओं, पुरुषों, बच्चों, युवाओं के साथ हर आयु वर्ग एवं जनसमुदाय के लोगों को अपनाना होगा। योग को अपनाकर स्वस्थ शरीर ,स्वच्छ मन,एवं सभ्य समाज बनाया जा सकता है। योगासन- प्राणायाम के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, उत्कटासन, अर्धचक्रासन, वृक्षासन, नटराजासन, वज्रासन, मण्डूकासन, सूर्यनमस्कार, प्रज्ञायोग, के साथ अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली, सीत्कारी, एवं कपालभाति का अभ्यास कराया गया। संप्रेक्षण गृह के कर्मचारी पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

---

# शिक्षामित्रों ने दिया 5 सूत्रीय ज्ञापन, मिला आश्वासन

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष भगवतसिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन बीएसए रणवीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याएं जिले के शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

महिला एवं दिव्यांग शिक्षामित्रों को नगर क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए। परिषदीय शिक्षामित्रों का मानदेय कभी भी समय से नहीं दिया जाता है। समय से मानदेय दिलाया जाए। कुछ शिक्षामित्रों का 2015 में समायोजित हो गए थे, जिनका का पीपीएफ का अवशेष वेतन नहीं मिला है, जो कि दिलाया जाए। बीएलओ में कार्यरत शिक्षा मित्रों को साक्षरता मिशन के कार्यक्रम से पृथक रखा जाए एवं बीएलओ कार्य में लगे शिक्षा मित्रों का विद्यालय अनुपस्थित होने पर मानदेय न काटा जाए। उक्त सभी समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक उन्होंने विचार किया एवं निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। जिलाध्यक्ष भगवतसिंह बैस, सुदामा प्रसाद दुबे, अशोक परिहार, नीलम तिवारी, बृजेश टोटे, राघवेंद्र सिंह चौहान, हाकिम पाल, भानसिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।



---

### कार्यालयों के विभागाध्यक्षों व आहरण वितरण अधिकारियों की कार्यशाला हुई

# स्रोत पर आयकर कटौती के प्रावधानों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आयकर विभाग, झॉसी द्वारा आयकर आयुक्त (टीडीएस), कानपुर संजय कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कार्यालयों के विभागाध्यक्षों एवं आहरण वितरण अधिकारियों के साथ स्रोत पर आयकर की कटौती से संबंधित प्रावधानों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एडीजे सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति रही। जागरूकता शिविर के दौरान आयकर अधिकारी एके सिंह एवं आयकर अधिकारी अजय भूषण द्वारा जिले के सरकारी कार्यालयों में पदस्थ वेतनभोगियों को अवगत कराया गया कि वह अपना आधार एवं पैन लिंक करवाये अन्यथा की स्थिति में 20 प्रतिशत की दर से स्रोत पर वेतन से कर की कटौती की जायेगी एवं लेखा विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया कि वह अपने अधीन पदस्थ कर्मचारियों एवं व्यक्तिगत कान्ट्रेक्टरों के आधार पैन लिंक न होने की स्थिति में अपरिहार्य रूप से 20 प्रतिषत की दर से स्रोत पर कर की कटौती करें। कार्यशाला के दौरान सरकारी कर्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों को उनके आधार पैन लिकिंग की स्थिति को आयकर विभाग के साथ ई-फाईलिंग पोर्टल पर आसानी से चौक करने का तरीका बताया एवं यह भी बताया गया कि 1000 रुपए का चालान आयकर विभाग को भुगतान करके कोई भी व्यक्ति अपना आधार पैन लिंक स्वयं कर सकता है, अथवा करवा सकता है। जागरूकता शिविर के दौरान यह भी बताया गया कि आधार पैन लिंक न होने की स्थिति में यदि कोई व्यक्ति किसी अचल सम्पत्ति का क्रय-विक्रय करता है, तो उस पर 20 प्रतिषत की दर से स्रोत पर कर की कटौती की जायेगी। जागरूकता शिविर के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, वरिष्ठ कोषाधिकारी अटल राज भास्कर, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, आयकर विभाग, आयकर निरीक्षक कल्पना जायसवाल, शीतल अग्रवाल एवं चार्टर्ड एकाउण्टेंट सहित सभी विभागों के आहरण वितरण अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जागरूकता शिविर के दौरान आयकर अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के स्रोत पर कर की कटौती से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया।



## बिना परमिट, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई

# सुरक्षा व वैधानिक मानकों का अक्षरश: करें पालन

**बोडा-पचोर क्षेत्र की स्कूल बसों की जांच, 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई, एक बस जब्त**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने चलाए जा रहे अभियान में जिला परिवहन विभाग एवं यातायात ने मिलकर मंगलवार को पचोर-बोडा के स्कूलों की बसों की जांच की। लगभग 6 घंटे इस अभियान में अधिकतर स्कूलों की बसों की फिटनेस, परमिट, प्रदूषण व बीमा को चेक किया गया एवं जिन गाड़ियों या बसों में कोई भी कमी लगी उन पर 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि आयुक्त परिवहन विभाग के निर्देश पर स्कूल बसों एवं अन्य यात्री बसों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार को बोड़ा एवं पचोर क्षेत्रों में स्कूल परिसरों में पहुंचकर विशेष जांच की गई। इस दौरान एक स्कूल बस का परमिट समाप्त पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर बोड़ा थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन पोर्टल के अवलोकन में यह तथ्य सामने आया है कि जिले में अनेक ऑटो, ई-रिक्शा एवं स्कूल बसें बिना वैध बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र के संचालित हो रही हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध आवश्यकता अनुसार चालानी एवं जब्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### परिवहन विभाग व यातायात पुलिस टीम ने की जांच

जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़-1 की प्रभारी अनामिका कोली एवं देवराज पाण्डेय, पंचम एसआई जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थ राजदेव शर्मा एवं प्रेमनारायण कुरैचया के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की। जांच के दौरान यह परखा गया कि वाहन परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं।कार्रवाई के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

### अधिकारी बोले - बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

*जांच कर रहे अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का अक्षरशः पालन करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजगढ़ में स्कूल बसों की सघन जांच 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई, एक बस जब्त' अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का अक्षरशः पालन करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

## संवाद से समाधान के तहत कार्यवाही के साथ समस्याएं भी सुलझाई

# फर्जी केसीसी बनाने वाले संस्था प्रभारी को निलंबित करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जनसुनवाई की तर्ज पर हर मंगलवार जिले में संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसके तहत शिकायकर्ता एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को आमने-सामने बैठाकर समस्या का समाधान करवाते हुए दोषियों पर कार्यवाही भी की जाती है।

इसी कड़ी में शिकायतकर्ता महेश यादव ने बताया कि उनके भाई बद्रीलाल के नाम पर समिति सेकट्री द्वारा फर्जी केसीसी बनाकर डेढ़ लाख रुपए कीमती खाद निकाला गया है। तहसील से नोटिस आने पर उन्हें इस बारे में पता लग पाया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित संस्था प्रभारी शिवनारायण यादव के वेतन से वसूली करने एवं निलंबित करने के निर्देश प्रदान किए गए। एक शिकायत में आमलाबे के भगवान पंवार ने बताया कि उन्होंने सहकारी समिति में नकद राशि जमा की लेकिन उन्हें वह राशि नहीं लौटाई जा रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित समिति को नोटिस जारी कर संस्था प्रभारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए।

### संस्था प्रभारी के वेतन से की जाएगी वसूली

शिकायतकर्ता कमल परिहार ने बताया गया कि सहकारी समिति भोजपुर में किसान बनेसिंह को खाद नहीं मिल पा रहा है क्योंकि आवेदक के खाते से किसी दूसरे को खाद बेच दिया गया है। खाद न लेने के बावजूद उनके नाम से खाद का परमिट काट दिया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित संस्था से वसूली की जांच के निर्देश देते हुए तत्कालीन संस्था प्रभारी बद्रीलाल दांगी से 24 हजार 840 रूपये की वूसली करने के निर्देश दिए।

### अस्पताल परिसर से महत्वपूर्ण रिकॉर्ड चोरी, अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज

**नरसिंहगढ़।** सिविल अस्पताल परिसर से महत्वपूर्ण कार्यालयीन रिकॉर्ड चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 672/25 के तहत धारा 303(2) बीएनएस एवं 379 आईपीसी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी गजेंद्र सोनी (39), पिता बाबू सोनी, निवासी शहीद कॉलोनी ब्यावरा ने पुलिस को बताया कि दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे से लेकर 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने अस्पताल परिसर स्थित एक कमरे में रखे भुगतान पत्रक, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य पुराने महत्वपूर्ण रिकॉर्ड चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट 13 दिसंबर को थाना नरसिंहगढ़ में दर्ज कराई गई।

**आमजनों की समस्याओं पर प्रशासन सख्त**

# जनसुनवाई में अनुपस्थित 7 अफसरों पर लगाया 3-3 हजार रु. का जुर्माना

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न अंचलों के आमजनों की समस्याओं को मौके पर सुलझाने एवं त्वरित निराकरण में कुछ विभागों के आलाधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। कई बार तो जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभाग प्रमुख औपचारिकता निभाते हुए स्वयं के स्थान पर विभाग के लिपिक या अन्य किसी कर्मचारी को भेज दिया करते हैं। ऐसे में आवेदकों एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं त्वरित निराकरण नहीं हो पाता।

विभिन्न विभाग प्रमुखों द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई की लगातार इस तरह अनदेखी पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सात विभाग प्रमुखों पर 3-3 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। इसके साथ ही सभी को तल्ख निर्देश प्रसारित किए गए हैं कि वे हर मंगलवार की जनसुनवाई अनिवार्यतः स्वयं उपस्थित रहे।



### इन अधिकारियों पर लगाया गया जुर्माना

*कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनसुनवाई में अनुपस्थित जिन अधिकारियों पर जुर्माना लगाया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री आरएल रैकवार, जिला रोजगार अधिकारी एनवी संतोष कुमार, लीड बैंक मेनेजर सुखबीर सिंह, जिला आयुष अधिकारी आरएन गर्ग, जिला खाद्य अधिकारी अजीत सिंह, जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री बसंत सूर्यवंशी शामिल हैं।*

### महिला मोर्चा में सुनीता विश्वकर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त



**ब्यावरा।** समाज सेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में लगातार सक्रियता से कार्य करने वाली वाली ब्यावरा जिला राजगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता सुनीता विश्वकर्मा को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश महिला मोर्चा के भोपाल संभाग में प्रदेश संगठन महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज में हर्ष है। समाज के ईस्ट मित्रों, सहयोगियों और गणमान्यजनों ने सुनीता विश्वकर्मा को बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। नव नियुक्ति पर सुनीता विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नारायणजी विश्वकर्मा, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद विश्वकर्मा, महिला प्रदेशअध्यक्ष माधवी विश्वकर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### बाल मेले से बच्चों को मिलते हैं उद्यमिता के शुरुआती पाठ : तहसीलदार



**सारंगपुर।** मेले का नाम सुनते ही मन प्रफुल्लित हो जाता है। बाल मेले से बच्चों में आपसी सहयोग, उत्साह और आत्मविश्वास की भावना विकसित होती है। जब बच्चे मेले में स्वयं स्टॉल लगाकर अपनी बनाई वस्तुएं बेचते हैं, तो उन्हें कमाई का अनुभव होता है और यहीं से वे उद्यमिता के शुरुआती पाठ सीखते हैं। बाल मेला बच्चों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक और मिलनसार बनाता है। उक्त उद्गार आकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर ने स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित बाल मेले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी ने की। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मेले में लगाए गए प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया गया। इस बाल मेले में बच्चों द्वारा कुल 35 स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या सुमन जोशी सहित वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी, संतोष जैन, केसरिमल टेलर, आनंद उपाध्याय, शैलेन्द्र जोशी, कृष्णाकांत बामनिया, रविंद्र जोशी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## शासकीय अध्यापक संगठन के बैनर तले पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के नवीन शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार शाम डीईओ दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षाधिकारी की अनुपस्थिति में जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र परमार को सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग रखी गई कि नवीन शिक्षक संवर्ग ऐसे शिक्षकों जिन्हें सेवारत रहते 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनके प्रथम क्रमोन्नति आदेश जल्द जारी किए जाए। इसके साथ ही जिन माध्यमिक शिक्षकों को सेवारत रहते हुए 24 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं उनके द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान आदेश की जिला स्तरीय प्रक्रिया पूर्ण कर जेडी कार्यालय भिजवाई जाए। इसके साथ ही जिले में अनेकों शिक्षकों के डीए एवं एरियर राशि का अविलंब भुगतान करवाया जाए।



ज्ञापन के अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष भगवान सिह राणावत, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज शर्मा, मनोहर सिंह परमार, अशोक शर्मा, सुल्तान सिंह सौलंकी, रामबाबू राव, शाहिद खान, चंपालाल दांगी, सत्यनारायण लोधा, रामबाबू गुर्जर, नरसिंह तोमर, रमेशंच्रद कारपेंटर, बालचंद दांगी, देवेंद्र सिंह परमार, मांगीलाल तंवर, श्यामलाल दांगी, महेंद्र डोढ़, घीसालाल चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

### कला व विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

मंगलवार को नगर के जोसफ कान्वेंट स्कूल में आयोजित विद्यालय स्तरीय कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच देखने को मिली। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक कला कृतियाँ और उपयोगी विज्ञान प्रोजेक्ट तैयार कर प्रदर्शित किए, जिन्हें देखकर अभिभावक और नागरिक खासे प्रभावित नजर आए। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं अपने-अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली और उद्देश्य को सरल भाषा में समझाया। विज्ञान प्रोजेक्ट्स में पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट मॉडल सहित कई नवाचारी विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं कला अनुभाग में चित्रकला, हस्तशिल्प और रचनात्मक मॉडल आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है : कथा व्यास



**खुजनेर।** खाटू श्याम मंदिर खुजनेर धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास बाल संत पंडित वेद प्रकाश शास्त्री द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनते ही संपूर्ण पांडाल भक्तिरस में डूब गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का दिव्य वर्णन प्रारंभ हुआ। वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आंखें भक्तिरस से छलक उठीं और सभी भक्त भाव-विभोर होकर भजन-कीर्तन में झूमने लगे। फूलों की वर्षा के बीच बाल गोपाल के जन्म का उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित वेद प्रकाश शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग के माध्यम से बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य संदेश है। श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेम, करुणा, सेवा, त्याग और कर्तव्य का मार्ग प्रशस्त होता है।

### हमें बेवजह घमंड नहीं करना चाहिए : पं. नागर



**जीरापुर।** हमें बेवजह घमंड नहीं करना चाहिए। क्योंकि प्रभु की इच्छा के बिना एक पत्ता नहीं हिल सकता। शिव महापुराण कथा में पंडित ललित नागर सेंधवा वाले ने कहते हुए बताया कि रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वह जो चाहेगा वह होगा और घमंड यदि करना ही तो शिव को एक लोटा जल और एक बिल पत्र चढ़ाने का करें। जीवन में कुछ ऐसा करके जाए कि कृष्ण राम भी आपका इंतजार करें क्योंकि यह दुनिया तो सिर्फ सुखी समय में साथ दिखने वाली है जब आपका समय कष्ट प्रद है तो आपसे कोई पूछने वाला नहीं है और दुःखी समय में सहयोग कोई नहीं करेगा।

### बंसल कॉलेज का विजिट किया



**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएमश्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अध्ध्यनरत साइंस के विद्यार्थियों की विज्ञान के क्षेत्र में रुचि एवं खोज की दृष्टि से भोपाल बंसल कालेज ऑफ साइंस की विजिट कराई गई जिससे विधार्थियों को कुछ नया सीखने ओर देखने का अवसर प्राप्त हुआ। कालेज की विजिट से शिक्षकों और विधार्थियों में उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ संस्था के संकुल प्राचार्य केवलसिंह भिलाला के द्वारा विद्यालय के सम्पूर्ण विकास के लिए नित नए प्रयोग और अवसर विधार्थियों को उपलब्ध करवाने में कोई कमी महसूस नही होने दी जाती है। उनका एक ही लक्ष्य विधार्थीयो और विद्यालय का विकास के लिए कार्य करते रहने में पूरी ऊर्जा उत्साह और उमंग के साथ कार्य किया जाता है प्रत्येक विधार्थी को अवसर प्रदान करना ग्रामीण क्षेत्र में सराहनीय कार्य है।

## चौबीस घंटों में अलग-अलग रूप में करवटें बदल रहा तापमान

# मौसम: तड़के कोहरा, दिन में धूप तो रातें कंपा रही हाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले का तापमान बीते कई दिनों से लगातार करवटें बदल रहा है। बीते दो दिनों से सुबह-सुबह घने कोहरे, दिन के समय धूप और रात के समय भीषण सर्दी ने लोगों को हलाकान कर रखा है। सुबह का आलम तो यह है कि तड़के 5 बजे से 7 बजे तक जहां पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाता देखा जा रहा है तो पूरे दिन तीखी धूप का मजा लोग ले रहे हैं। वहीं, रात्रि के समय भीषण सर्दी लोगों के हाड़ कंपा रही है। शाम 5-6 बजे के आसपास धूप छटते ही कड़ाके की ठंड का सामना लोगों का करना पड़ रहा है। दिन के चैबीस घंटों में मौसम के ये अलग-अलग मिजाज लोगों को राहत के साथ-साथ परेशानियों में भी डाल रहे हैं। हालांकि, बीते एक हफ्ते की बात करें तो जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना हुआ है।

### गौसवक जलवा रहे अलाव, पर नपा भूली

रात्रि के समय पड़ रही भीषण सर्दी के चलते नगर के गौसेवकों द्वारा गौवंश को सर्दी से बचाने नगर सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलावों जलवा रहे हैं। लेकिन, अगर बात नगर पालिका की करें तो सार्वजनिक स्थलों जैसे अस्पताल, बस स्टैंड, मुख्य चौराहों इत्यादि स्थानों पर नपा ने अभी तक अलाव जलवाना शुरू नहीं करवाया है।

### 7 दिनों में जिले का न्यूनतम तापमान

**(तापमान डिग्री, सेल्सियस में)**

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 16 दिसंबर | 5.0 |
| 15 दिसंबर | 5.4 |
| 14 दिसंबर | 5.6 |
| 13 दिसंबर | 5.6 |
| 12 दिसंबर | 5.2 |
| 11 दिसंबर | 5.0 |
| 10 दिसंबर | 5.2 |

# शास. महाविद्यालय में विजय दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विजय दिवस मनाया गया। जहां पर प्राचार्य प्रो पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार की अध्यक्षता में विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ वंदना चुटैल ने भारतीय सेना के अदम्य शौर्य का वर्णन किया। 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वीर सेनानियों के द्वारा बांग्लादेश को बचाया। डॉ सचिन शर्मा एवं अनुपम आचार्य के द्वारा छात्र छात्राओं को देश की रक्षा हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ ओम गुप्ता, डॉ कमल अहिरवार, डॉ रश्मि सोनी, डॉ महेश नरवरिया, प्रो कनिज अंसारी, राजेन्द्र कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन दिनेश दांगी के द्वारा एवं आभार कपिल वैष्णव ने माना।